तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 23 मार्च 2026

4 घरघोड़ा तमनार में चला वृहद अभियान ड्रोन से अवैध मादक खेती पर कड़ी नजर





## खबर संक्षेप



### लूटपाट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** ट्रेलर चालक से लूटपाट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रार्थी मिथुन कुमार यादव 25 निवासी ग्राम काटेबंध, जिला गया बिहार जो ट्रेलर वाहन चालक है ने 21 मार्च को खरसिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 27 फरवरी को वह अपने ट्रेलर वाहन से अडानी माइंस तमनार से रॉबर्टसन की ओर कोयला लेकर जा रहा था। रात करीब ढाई बजे रॉबर्टसन से 2 किमी पहले एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से उसका रास्ता रोककर ट्रेलर से नीचे खींच लिया और डरा धमकाकर उसके पास रखे 10 हजार लूट लिया। आरोपी उसे अपने साथ रोड किनारे बाड़ी में रातभर बंधक बनाकर रखा। सुबह आरोपी उसे चपले ले गया और एक कियोस्क शाखा से 35 हजार निकालने के लिए धमकाया। डर के कारण पीड़ित ने 32 हजार निकालकर आरोपी को दे दिया। आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम ने आरोपी के गांव बड़े डूमरपाली में दबिश दी और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ किया। उसने अपराध स्वीकार किया। आरोपी सोमनाथ डनसेना अपराधिक किस्म का आदतन बदमाश है जिसके खिलाफ थाना खरसिया में कई मामले दर्ज हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### अंगूठा छाप बुजुर्गों को बना दिया शिक्षित, आज अंग्रेजी में करते हैं साइन

# जेल में जगाई शिक्षा की अलख, निरुद्ध ने लिखी छत्तीसगढ़ी में कविता, माखुर और हाय रे दारु-गांजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्वतंत्र महंत

जेल की चार दीवारी किसी काल कोठरी से कम नहीं है, लेकिन यहां भी ऐसे लोग आते-जाते हैं जो इस अंधेरे में भी उजाले तलाश लेते हैं। ऐसे ही एक शख्स की कहानी हम बता रहे हैं जो जिला जेल में बंद तो है हत्या जैसे संगीन अपराध में, लेकिन इस अंधेरी साये के बीच कितनों का जीवन उजाले से भर दिया। इतना ही नहीं इस जेल में वह अपनी दिनचर्या के बीच छत्तीसगढ़ी में करीब 75 कविताएं भी लिख डाली है जो आम जीवन को प्रभावित करती है। इसमें सबसे सुंदर कविता है माखुर और हाय रे दारु-गांजा जैसी कविताएं वर्तमान परिवेश को इंगित करते हुए लिखी गई है। इस रचनात्मक कैदी का नाम है खेमराज यादव, निवासी है धरमजयगढ़ तहसील का रामपुर गांव का। खेमराज हत्या के जुर्म में बंद है। जेल में रहते हुए खेमराज ने ऐसे दर्जनों बुजुर्गों को साक्षर बना दिया है जो जेल में आए तो थे अंगुठा छाप, लेकिन अब फर्राटेदार अंग्रेजी में साइन करते हैं। खेमराज जेल में बतौर स्वयं सेवी शिक्षक काम करता है और वह गांव में भी इसी तरह बच्चों को पढ़ाया करता था। वह काफी पढ़ा लिखा है और बाहर रहकर पढ़ाई किया है। उसका शौक और जुनून है कविता लिखना। जेल में वह करीब 6 साल से बंद है, लेकिन इस बीच वह बंदियों को पढ़ाने का काम करता है। रविवार को नवभारत उल्लास साक्षरता परीक्षा में जेल के करीब 66 कैदियों ने परीक्षा दिया है जो खेमराज का ही देन है। इसमें 54 पुरुष बंदी और 12 महिला कैदी हैं। उनको पढ़ाकर साक्षर बना दिया है। उल्लास परीक्षा पास करने वालों को एनआईओएस की ओर से प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

**खास बात**

- जेल के बाहर और जेल के भीतर भी बतौर स्वंय सेवी शिक्षक करता रहा काम
- धरमजयगढ़ ब्लॉक के रामपुर गांव का रहने वाला खेमराज है हत्या का आरोपी

हरिभूमि एक्सक्लूसिव



जेल में उल्लास परीक्षा देते बंदी।

**आज ही भेजी गई है डायरी**

खेमराज यादव जेल में रहते हुए करीब 75 कविताएं लिखी है। यह कविताएं हिंदी नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ी में है। खेमराज वर्तमान परिवेश में घटित घटनाओं पर कविता लिखता है। जैसे दिसंबर के बाद जब 2026 जनवरी का आगमन हुआ तो वह कविता लिखा नवा बछर। इसी तरह आमतौर पर तो बातचीत में किसी अपनों को कहा जाता है एक बात कहूं क्या, तो उसने लिखा एक बात कहव का। अभी चल रहे ईरान-ईराक को लेकर लिखा है युद्ध, इसके पहले माखुर और हाय रे दारु गांजा सबसे प्रसिद्ध कविता है। जिस डायरी में वह कविता लिखता है उसे आज ही उसके गांव भेजी गई है। कारण अब उसे बिलासपु भेजा जाएगा।


**व्यवहार कुशल है खेमराज**

अमूमन बंदी कहने से लोगों के मन में बदमाशों जैसी ही छवि सामने आती है, लेकिन खेमराज इसके विपरित है। मिली जानकारी के अनुसार वह काफी व्यवहार कुशल है और सभी से अपनों जैसा ही व्यवहार करता है। जेल में हर बंदी उसके व्यवहार से प्रभावित रहता है। वह गांव में खेती किसानी का काम करता था और स्वंय सेवी शिक्षक भी था।

## दो टीमें कर रही हैं अफीम की खेती के फरार आरोपियों की तलाश

**तमनार।** पुलिस की दो टीम चर्चित अफीम खेती के फरार दो आरोपियों की तलाश कर रही है। उनके संभावित ठिकानों पर जहां दबिश दी जा रही है। वहीं हर नेटवर्क पर नजर है और बहुत जल्द ही पुलिस के रडार में आ सकते हैं। हालांकि पुलिस अभी एहतियातन किसी भी नेटवर्क का खुलासा नहीं कर रही है, लेकिन जो जानकारी हमें मिली है उसके मुताबिक आरोपियों का कुछ सुराग पुलिस को मिली है।

तमनार के आमाघाट में अफीम की खेती का जो मामला सामने आया है वह गांव को



एक अलग ही नेटवर्क से जोड़ दिया है। यह गांव आदिवासी बाहुल्य है और ऐसे किसी नशीले पदार्थ के बारे में जानकारी तो क्या सुने तक नहीं थे। अफीम की खेती करने वाले दोनों आरोपी झारखंड के रहने वाले हैं और उसका मास्टर माइंड गांव का दामाद है। जानकारी के अनुसार दामाद मार्शल सांगा ने ही उनके रिश्तेदारों को इस नेटवर्क से जोड़ा था और यहां इस खेती के लिए माकूल माहौल बनाया था। चार महीने पहले मार्शल के दोनों रिश्तेदार आमाघाट आए थे और इस खेती की तैयारी की थी। इस बीच किसी का अंदेशा न हो इसके लिए वह खुद गांव से गायब हो गया था। हालांकि यह भी सच्चाई है कि वह काफी लंबे समय बाद ही गांव आता था। अभी उसकी पत्नी सुषमा खलखो की डिलीवरी के लिए आया था।

**संयोग या प्रयोग- बैज**

रविवार को पीसीसी चीफ दीपक बैज रायगढ़ दौरे पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा भाजपा सरकार के संरक्षण में अफीम की खेती की जा रही है। ये संयोग है या प्रयोग सरकार स्पष्ट बताए। दुर्ग में शिक्षा मंत्री का गृह जिला, बलरामपुर रामविचार नेताम का गृह जिला और अब रायगढ़ जो कि वित्त मंत्री का गृह जिला है। लगातार मंत्रियों के गृह जिले में अफीम की खेती पकड़ा रही। सरकार स्पष्ट करे कि यह संयोग है या प्रयोग।

## मारपीट करने वाले बदमाश गिरफ्तार

**रायगढ़।** घर में घुसकर मारपीट करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया है। दूसरे की तलाश जारी हे। आहत शाहरुख वारसी 30 जगतपुर रामभांठा आवास कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 19-20 मार्च की रात लगभग 12 बजे घर का दरवाजा जोर जोर से पीटने की आवाज आई। उसकी मां बाहर देखने गई तो वहां साहिल एक्का और विक्की उर्फ मनीष जाटवर खड़े थे। दरवाजा खुलने के बाद दोनों गाली-गलौच करने लगे। शोर सुनकर जब शाहरूख वारसी बाहर आया और उन्हें समझाने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने धारदार हथियार से मारपीट शुरू कर दी। जिससे शाहरूख वारसी को चोटें आईं, पड़ोसी पहुंच गए तो दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। कोतवाली पुलिस ने धारा 296, 351(3) 115(2) 118(1) 3(5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों की सघन पतासाजी की गई।



## खबर संक्षेप



### असम के संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए वित्त मंत्री

**रायगढ़।** असम राज्य के बोकाखाट विधानसभा के काजीरंगा मंडल में असम गण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष, असम सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं बोकाखाट विधायक अतुल बोरा के साथ महत्वपूर्ण बैठक एवं संवाद कार्यक्रम में वित्त मंत्री विधायक ओपी चौधरी शामिल हुए। इस दौरान काजीरंगा सांसद कामाख्या दास तासा, मंडल अध्यक्ष श्रीमती रीता तालुकदार, भाजपा जिला महामंत्री एवं चुनाव प्रबंधन समिति के चेयरमैन बेदब्रत बोरा, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं असम ओबीसी बोर्ड के उपाध्यक्ष देव प्रदीप बोरा, होजई जिला प्रभारी अनिमेष सैकिया, मंडल अध्यक्ष मृणाल दास, जिला परिषद चेयरमैन श्रीमती पूर्णिमा दास, श्रीमती निजु लोइंग चेयरमैन, भाजपा जिला उपाध्यक्षद्ध सहित गणमान्य जनों की उपस्थिति से मार्गदर्शन मिला।

### चंद्रपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद



**चंद्रपुर।** चंद्रपुर में ईद का पावन पर्व मुस्लिम समाज द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। 30 दिनों तक रोज़ा रखने के बाद जैसे ही ईद का चांद नजर आया, पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में ईद को लेकर खास उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही ईदगाह और मस्जिदों में नमाज़ अदा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज़ के बाद मुस्लिम भाई एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते नजर आए। सेवइयों की मिठास और बच्चों को मिलने वाली ईदी ने पूरे मुस्लिम मोहल्लों में रौनक बढ़ा दी। सदर जामा मस्जिद चंद्रपुर के जनाब हसीन मोहम्मद ने बताया कि ईद का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारा और गिले शिकवे भुलाकर साथ रहने का संदेश देता है। शाम के समय मुस्लिम समाज द्वारा भव्य ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुस्लिम समाज के साथ साथ नगर के गणमान्य नागरिक एवं अन्य समुदायों के लोग भी शामिल हुए। कार्यक्रम में रउफ खान, मो. आलमगीर, मो. जहांगीर का विशेष सहयोग रहा। इसके अलावा होशियार मोहम्मद, मो नफीस, रईस, मो. इमरान, मुबारक खान, नवरिन खान, मो. अबरार, फिरोज खान, परवेज खान, शब्बीर हुसैन, अब्बास हुसैन, मो. अशहब, शाबान खान, मस्तान खान, ताज हसन, दिलावर हुसैन, मो. जावेद, अरमान खान, मो. अल्ताब, मुश्फिक खान, नीलोफर खान, सूरज, तौफीक, मो. एजाज, इमरान, हामिद खान, गुलाम हाशमी सहित मुस्लिम समाज के सभी लोगों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।ईद के इस पावन अवसर पर चंद्रपुर में आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की मिसाल देखने को मिली।
गले मिले, अमन चैन की मांगी दुआ चंद्रपुर में रमजान ईद का पर्व हर्षोल्लास एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया।

### सब्जी और नर्सरी प्रबंधन 12 दिवसीय प्रशिक्षण

**सारंगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रायोजित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सारंगढ़ द्वारा आयोजित सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह ग्राम पंचायत छिंद में संपन्न हुआ। यह 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 से 22 मार्च तक सफलतापूर्वक संचालित किया गया, जिसमें ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं को सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन से संबंधित व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान किया गया। समापन समारोह के अवसर पर ग्राम पंचायत छिंद के सरपंच नरेश रात्रे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करते हैं तथा युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं।

## सुबह से देर रात तक माता दर्शन के लिए लगी रहती है श्रद्धालुओं की भीड़

# बरमकेला के मुहाने पर पांच दशक पूर्व विराजित मां दुर्गा बनी हुई हैं क्षेत्र की रक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

बरमकेला नगर के प्रवेश स्थल पर विराजमान माँ दुर्गा का मंदिर आज पूरे अंचल के लिए रक्षा कवच के रूप में स्थापित हो चुका है। लगभग 50 वर्षों से अधिक समय से माँ दुर्गा बरमकेला वासियों की रक्षा करती आ रही हैं, और यही कारण है कि इस मंदिर के प्रति लोगों की आस्था लगातार बढ़ती जा रही है।

नवरात्रि के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिल रहा है। सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ माता के दर्शन के लिए उमड़ रही है। दूर दूर से आए भक्त माता के दरबार में पहुंचकर अपनी मनोकामनाएँ अर्पित कर रहे हैं। नवरात्रि के दौरान यहाँ विशेष पूजा अर्चना का आयोजन किया जाता है। इस दौरान माता की अखंड ज्योति निरंतर प्रज्वलित रहती है, जो श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहाँ कलश स्थापना ज्योत जलाना करते हैं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर जाता है। मंदिर के इतिहास पर नजर डालें तो इसका निर्माण 28 जून 1973 आषाढ़ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, संवत 2030 को हुआ था। उस समय बरमकेला के कई अधिकारियों एवं समाजसेवियों ने मिलकर इस मंदिर की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। प्रारंभ में यहाँ सीमेंट की मूर्ति स्थापित की गई थी, जिसके बाद कुछ वर्षों पश्चात लेंध्रा निवासी जयप्रकाश अग्रवाल द्वारा संगमरमर की भव्य मूर्ति स्थापित कराई गई। निर्माण कार्य में राइस मिल के पाठक साहब, थाना प्रभारी अग्निहोत्री सिंचाई विभाग के एसडीओ, वन विभाग के डॉ. केआर साहू सहित कई अन्य कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा, जिन्हें आज भी श्रद्धा के साथ याद किया जाता है।

### इतिहास व विशेष योगदान

- निर्माण तिथि 28 जून 1973 गुरुवार
- तिथि आषाढ़ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, संवत 2030
- प्रारंभिक मूर्ति सीमेंट की स्थापित की गई, बाद में लेंध्रा निवासी जयप्रकाश अग्रवाल द्वारा संगमरमर की मूर्ति स्थापित, विशेष योगदान राइस मिल के श्री पाठक, थाना प्रभारी श्री अग्निहोत्री, सिंचाई विभाग के एसडीओ, वन विभाग के डॉ. केआर साहू अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी




### किवंदति के 50 बछर

मंदिर निर्माण के पीछे एक विशेष मान्यता भी प्रचलित है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पहले बरमकेला और आसपास के क्षेत्रों में अनहोनी एवं अप्राकृतिक घटनाएँ अक्सर घटित होती थीं। इनसे मुक्ति पाने के लिए घाटी के नीचे माँ दुर्गा मंदिर का निर्माण कराया गया। मंदिर स्थापना के बाद से क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का वातावरण स्थापित हुआ, जिसे लोग माँ की कृपा मानते हैं। समय के साथ श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती गई और मंदिर की ख्याति दूर-दूर तक फैलने लगी। ग्राम चाँटीपाली के लोगों द्वारा एक समिति का गठन किया गया, जिसे वर्ष 2013-14 में ट्रस्ट के रूप में पंजीकृत किया गया। इस ट्रस्ट द्वारा मंदिर के विकास, विस्तार और व्यवस्थाओं का निरंतर संचालन किया जा रहा है। आज मंदिर परिसर में केवल माँ दुर्गा मंदिर ही नहीं, बल्कि बजरंगबली मंदिर, काली माता मंदिर, भैरव मंदिर, ज्योतघर, भोगशाला, पार्किंग एवं शुद्ध पेयजल व्यवस्था जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### मध्यप्रदेश, राजस्थान से भी आते हैं श्रद्धालु

माँ दुर्गा के इस धाम में केवल स्थानीय ही नहीं, बल्कि राजस्थान और मध्यप्रदेश के श्रद्धालुओं की भी विशेष आस्था देखने को मिलती है। नवरात्रि के समय इन राज्यों से बड़ी संख्या में भक्त यहाँ पहुंचते हैं और माता के दरबार में ज्योत जलाकर अपनी मनोकामनाएँ व्यक्त करते हैं। मंदिर परिसर में स्थित काली माता और भैरव मंदिर के निर्माण के पीछे भी एक विशेष कथा प्रचलित है। स्थानीय लोगों के अनुसार पहले घाटी क्षेत्र में आए दिन सड़क दुर्घटनाएँ होती थीं, विशेषकर भारी वाहनों का पलटना आम बात थी। लेकिन मंदिर निर्माण के बाद इन घटनाओं में काफी कमी आई है, जिसे लोग माँ दुर्गा की कृपा मानते हैं। आज यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि आस्था, विश्वास और सुरक्षा का प्रतीक बन चुका है, जहाँ हर वर्ग के लोग अपनी श्रद्धा के साथ माता के दरबार में उपस्थित होते हैं। मंदिर सचिव मकरो साहू ने बताया कि मां दुर्गा लगभग 50 वर्षों से अधिक समय से बरमकेला वासियों की रक्षा कवच बनी हुई हैं। यहाँ दूर दूर से श्रद्धालु माता का आशीर्वाद लेने आते हैं। राजस्थान और मध्यप्रदेश के लोग भी माता को बहुत मानते हैं और नवरात्रि के समय ज्योत जलवाते हैं।



## हर समस्या का समाधान है रामचरित मानस में : मंजू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

रामचरित मानस में जीवन की हर समस्या का समाधान है। इसकी चौपाइयों का नियमित पाठ और समझ कर उन्हें जीवन में उतरने से कष्ट दूर होते हैं। इसमें निहित आदर्श धर्म और नैतिकता के मार्ग के अनुसार हर संकट से मुक्ति पाई जा सकती है। यह विचार सरिया में आयोजित अखंड नवधा रामायण आयोजन पर वृंदावन धाम से पधारी कथा वाचक देवी मंजू कल्याणी ने एक चर्चा के दौरान कहीं।

उन्होंने कहा कि जीवन को सुखी बनाने के लिए लोगों को समर्पण, नैतिकता और संगत का सहारा लेना पड़ेगा। भगवान पर भरोसा रखते हुए कर्म करने से मानसिक शांति मिलती है। तथा राम के चरित्र से सीख कर धर्म और न्याय के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सज्जनों की संगति से जीवन के संकट दूर होते हैं। सरिया संवाददाता वीरेंद्र सोनी को एक विशेष भेंटवार्ता में देवी मंजू कल्याणी ने कहा कि रामचरित मानस के हर चौपाई में समस्या का समाधान है। जैसे संकट नाश के लिए दीन दयाल विरिहु संभारी इसी तरह विपत्ति नाश के लिए राजीव नयन धरे धनु सायक इसी तरह पारिवारिक सुख शांति के लिए सब नर करहि परस्पर प्रीति। उन्होंने कहा कि धार्मिक ग्रंथो का पाठ करने से जीवन में सकारात्मक भाव उत्पन्न होता है। जिंदगी की ऐसी कोई कामना नहीं जो रामचरितमानस के पाठ से पूरी नहीं हो सकता। सरिया में आयोजित अखंड नवधा रामायण कथा का विराम 27 मार्च को होगा और 28 मार्च को महा भंडारा का आयोजन किया गया है। इस मौके पर पूरे 9 दिन कथा वाचक देवी मंजू कल्याणी जी की कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा का लाभ ले रहे हैं। इसके पहले नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, नवधा रामायण समिति के अध्यक्ष शिवकुमार बैरागी ने देवी मंजू कल्याणी को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया। तथा नवधा रामायण आयोजन समिति के अध्यक्ष, कवि, साहित्यकार शिवकुमार बैरागी ने अपनी किताब बैठकर सम्मान किया।

# पाइप लीकेज से सड़क बनी दलदल काशीडीह के ग्रामीण परेशान

**चंद्रपुर।** चंद्रपुर तहसील से लगे ग्राम पंचायत काशीडीह में इन दिनों एक व्यक्ति की लापरवाही के चलते ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार गांव के एक व्यक्ति द्वारा नदी से पाइप लाइन बिछाकर अपने निजी खेतों में सिंचाई के लिए पानी पहुंचाया जा रहा है, लेकिन पाइप लाइन में जगह जगह लीकेज होने के कारण मुख्य मार्ग पर पानी लगातार बह रहा है।

बताया जा रहा है कि उक्त पाइप का एक हिस्सा ग्राम के मेन रोड स्थित पानी टंकी के पास से गुजरता है, जहां लंबे समय से पाइप से पानी का रिसाव हो रहा है। इस कारण सड़क पर कीचड़ और गड्ढे बन गए हैं, जिससे पूरा मार्ग दलदल जैसा हो गया है। स्थिति यह है कि रोजाना इस रास्ते से गुजरने वाले बुजुर्ग, महिलाएं और स्कूली बच्चों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार लोग फिसलते फिसलते बच रहे हैं, जिससे किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या पिछले कई दिनों से बनी हुई है और उन्होंने संबंधित व्यक्ति को कई बार पाइप लीकेज सुधारने के लिए समझाइश भी दी, लेकिन उसके द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संबंधित व्यक्ति मनमानी करते हुए अपनी सुविधा के लिए पाइप का उपयोग कर रहा है, जबकि गांव के आम रास्ते की स्थिति खराब होती जा रही है। इस समस्या को लेकर गांव में नाराजगी बढ़ती जा रही है और ग्रामीण अब सामूहिक रूप से इसके समाधान की मांग कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही पाइप की मरम्मत नहीं कराई गई तो कोई घटना घट सकती है, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित की होगी। ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन से हस्तक्षेप कर तत्काल पाइप लीकेज ठीक कराने और मुख्य मार्ग को सुचारू बनाने की मांग की है।



> संबंधित व्यक्ति को पूर्व में भी पाइप लीकेज सुधारने के लिए सूचना दी गई थी, लेकिन उसने इस पर ध्यान नहीं दिया। एक बार पुनः बोलता हु फिलहाल मुलाकात नहीं हो पाई है। यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो पंचायत स्तर पर आवश्यक कार्यवाई की जाएगी।
> **कौशल चावला, सरपंच काशीडीह**

# कर्मचारी अनुपस्थित, दो को किया गया सेवा से बर्खास्त

- निगम आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण

**रायगढ़।** नगर निगम में कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय द्वारा वाहन विभाग का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दो ड्राइवर बुधराम एवं दुर्गा शंकर को बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए, जिस पर कमिश्नर ने उन्हें तत्काल सेवा से मुक्त करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान वाहन विभाग की उपस्थिति पंजी, वाहनों की स्थिति और संचालन व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में लापरवाही और अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनुपस्थित पाए गए दोनों ड्राइवरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल सेवा से पृथक करने की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने कहा की निगम का वाहन विभाग महत्वपूर्ण विभागों में से एक है। निगम क्षेत्र अंतर्गत संपूर्ण सफाई, कचरा का उठाव व्यवस्था से लेकर मरम्मत कार्य और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं से संबंधित कार्य किए जाते हैं। इसमें ड्राइवर एवं अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी शिफ्ट और रोस्टर अनुसार लगाई जाती है। ऐसे में कर्मचारियों द्वारा लगातार बिना सूचना के अनुपस्थित रहना लापरवाही की श्रेणी में आती है। उन्होंने निगम क्षेत्र अंतर्गत निवासरत नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने सभी कर्मचारियों की उपस्थिति के साथ उनके दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से हो यह सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान वाहन विभाग के सुपरवाइजर द्वारा अन्य कुछ कर्मचारियों के अनुपस्थित रहने की जानकारी दी। इसपर कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने ऐसे कर्मचारियों को चेतावनी देने एवं अंतिम मौका देते हुए कार्य कराने की बात कही। इसके बाद भी कर्मचारियों द्वारा बिना ठोस कारण के अनुपस्थित रहने पर उन्हें भी सेवा से बर्खास्त करने संबंधित कारवाई करने के निर्देश दिए।



### जनगणना कार्यों का किया अवलोकन

कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने जनगणना कार्य का भी अवलोकन किया। वर्तमान में जनगणना कार्य अंतर्गत सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों की ड्यूटी वार्ड वाइज ब्लॉक काटने के लिए लगाई गई है। नगर निगम अंतर्गत 48 प्लस बाह्यवृद्धि 3 वर्ड, जिसमें कलमी, बेंद्राचूआ और बड़े अतर मुड़ा शामिल है। वर्तमान में 48, 3 वार्ड कुल 51 वार्ड में लगभग 2 लाख 50 हजार जनसंख्या निवासरत हैं। इसमें प्रत्येक वार्ड में 700 से 800 जनसंख्या अंतर्गत वार्ड के एक ब्लॉक निर्धारित किया जाएगा। इसके लिए सभी वार्ड प्रभारी को उनके संबंधित वार्डों के ब्लॉक काटने के कार्य दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने गूगल मैप के माध्यम से ब्लॉक की स्थिति एवं संख्या का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी कर रहे सभी वार्ड प्रभारी को उनके वार्डो की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए गंभीरता से ब्लॉक काटने संबंधित कार्य करने के निर्देश दिए।

## धर्मांतरण के लिए काल छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयकः अरुणधर

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ की विधान सभा में पास हुए छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक पर जिला भाजपा अध्यक्ष अरूणधर दीवान ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा धर्मांतरण कराने वालों के लिए काल साबित होगा। साय सरकार ने दमदारी के साथ छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 पास किया। इस सराहनीय निर्णय से प्रदेश में चल रहे अवैध धर्मांतरण पर रोक लग सकेगी। इस विधेयक के माध्यम से अवैध धर्मांतरण पर सीधे तौर पर रोक लगाई जा सकेगी। जिससे प्रदेश की। भोली भाली जनता को जबरन धर्म परिवर्तन से बचाया जा सकेगा। दीवान ने कहा इस विधेयक के पास होने से सामाजिक समरसता का वातावरण स्थापित होगा। यह विधेयक सामाजिक समरसता को मजबूत करने में मदद करेगा जिससे समाज में शांति और सौहार्द स्थापित करने में मदद मिलेगी। जिला भाजपा अध्यक्ष ने इस विधेयक के संबंध में जानकारी देते हुए कहा इस विधेयक के जरिए धर्मांतरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। विधेयक में धर्मांतरण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए प्रावधान किए गए हैं, जिससे लोगों को अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता मिलेगी। इस विधेयक के पास होने के साथ ही पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा की जा सकेगी।



## चंद्रहासिनी देवी मंदिर ट्रस्ट में 25 को चिकित्सा शिविर

**चंद्रपुर।** समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए गोपाल महाप्रभु मंदिर एवं चंद्रहासिनी देवी मंदिर ट्रस्ट, चंद्रपुर द्वारा 25 मार्च 2026 बुधवार को एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

यह शिविर बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित होगा। यह स्वास्थ्य शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चंद्रहासिनी मंदिर धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित रहेंगे और मरीजों को निःशुल्क जांच व परामर्श प्रदान करेंगे। शिविर में मेडिकल, सर्जरी, हड्डी रोग, हृदय रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग, आंख, नाक-कान-गला, किडनी, दंत, रेडियोलॉजी सहित कई विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। साथ ही फिजियोथेरेपी और आहार संबंधी सलाह भी दी जाएगी। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य की जांच करवाकर विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श प्राप्त करें। अग्रिम पंजीयन के लिए संपर्क नंबर भी जारी किए गए हैं, जिससे मरीज पहले से अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

# घरघोड़ा तमनार में चला वृहद अभियान ड्रोन से अवैध मादक खेती पर कड़ी नजर

- संयुक्त टीम की कार्रवाई, गांव-गांव पहुंचकर किया सघन निरीक्षण

**रायगढ़।** जिले में अवैध मादक पदार्थों की खेती के विरुद्ध प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग शुरू कर दिया है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा दुर्गा प्रसाद अधिकारी एवं सीएसपी मयंक मिश्रा के संयुक्त नेतृत्व में घरघोड़ा और तमनार क्षेत्र में वृहद ड्रोन सर्वे अभियान संचालित किया गया।

इस संयुक्त कार्रवाई में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग और कृषि विभाग की टीमों ने समन्वित रूप से काम करते हुए संदिग्ध क्षेत्रों की पहचान की और ड्रोन के माध्यम से खेतों की बारीकी से निगरानी की। इस आधुनिक तकनीक के जरिए दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों तक भी प्रशासन की पहुंच सुनिश्चित हुई, जिससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। ड्रोन सर्वे के साथ साथ राजस्व विभाग के पटवारियों और कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों ने संबंधित गांवों में मौके पर पहुंचकर खेतों में उतरकर सघन निरीक्षण किया। इस दौरान घरघोड़ा तहसील के बैहामुडा, भेंगारी, पाकादरहा, पानीखेत तथा तमनार तहसील के आमापाली, राबो, गढ़गांव एवं हराडीह में व्यापक स्तर पर जांच पड़ताल की गई। अभियान के दौरान अधिकारियों ने किसानों को जागरूक करते हुए स्पष्ट किया कि अवैध मादक पदार्थों की खेती कानूनन अपराध है और इसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही वैकल्पिक वैध फसलों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की खेती पर पूरी तरह रोक लगाने के उद्देश्य से यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। आने वाले समय में भी ड्रोन सर्वे के साथ सघन जांच और निगरानी की कार्रवाई तेज की जाएगी, ताकि किसी भी स्थिति में इस तरह की अवैध गतिविधियों को पनपने का अवसर न मिले। प्रशासन की इस पहल को क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने और युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



## पंचायत व बूथ कमेटी गठन की बैठक में शामिल हुए पीसीसी चीफ बैज

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का रायगढ़ कांग्रेस भवन आगमन हुआ। श्री बैज का लोकसभा एवं विधानसभा स्तर पर पंचायत व बूथ कमेटी संगठनात्मक प्रदेश स्तरीय दौरा कार्यक्रम के तहत रायगढ़ कांग्रेस भवन आगमन हुआ, पी सी सी चीफ के जिला कांग्रेस भवन पहुँचते ही जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारीगण व कार्यकर्त्तागणों ने स्वागत किया। इसके बाद कांग्रेस भवन में आयोजित पंचायत व बूथ कमेटी की अहम बैठक आरंभ हुई जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के समक्ष जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष (शहर) शाखा यादव के नेतृत्व में हुजन समाज पार्टी के नेता बनवारी लाल डहरे ने कांग्रेस प्रवेश किया, इसके बाद कांग्रेस कमेटी के ऊर्जावान पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं ने पी सी सी चीफ दीपक बैज का स्वागत उद्बोधन के साथ पंचायत व बूथ कमेटी गठन पर संगठनात्मक सकारात्मक चर्चा परिचर्चा पर अपना सुझाव प्रस्तुत किया। उद्बोधन के क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी शहर ग्रामीण अध्यक्ष द्वय शाखा यादव व नगेन्द्र नेगी, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल शुक्ला व अन्य पदाधिकारियों ने भी मजबूत पंचायत व बूथ कमेटी बनाने सक्रिय टीम गठन पर अपना सुझाव प्रस्तुत किया।



